ENERGY FOR EVER
इरेडा
IREDA
ONCE IREDA ALWAYS IREDA
(A Navratna CPSE)

प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा द्वारा संवितरण में 44 % की वृद्धि के साथ 9 महीने में सुदृढ़ अनंतिम प्रदर्शन दर्ज किया, ऋण बही में 28 % की वृद्धि हुई

नई दिल्ली, 1 जनवरी, 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त 9 महीनों के लिए सुदृढ़ व्यावसायिक प्रदर्शन की सूचना दी है। जिसमें अनंतिम डेटा के आधार पर प्रमुख परिचालन मापदंडों में स्वस्थ वृद्धि दर्ज की गई है।

इस अवधि के दौरान ऋण स्वीकृति ₹40,100 करोड़ थी। जो विगत वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज ₹31,087 करोड़ से 29% की वृद्धि को प्रदर्शित करती है। ऋण वितरण दिसंबर 31, 2024 तक ₹17,236 करोड़ की तुलना में 44% से ₹24,903 करोड़ तक बढ़ा है।

कंपनी की बकाया ऋण बही 31 दिसंबर, 2025 तक ₹87,975 करोड़ तक पहुंच गई। जो विगत वर्ष की उसी अवधि में ₹68,960 करोड़ से अधिक 28% की वृद्धि को चिन्हित करती है। जो सबसे बड़े प्योर-प्ले हरित वित्त एन.बी.एफ.सी. के रूप में इरेडा की विस्तारित भूमिका की पुष्टि करती है।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा, "दिसंबर 2025 तक का मजबूत प्रदर्शन इरेडा की वित्तपोषण क्षमताओं एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर गति में बढ़ते विश्वास को रेखांकित करता है। हमारी विस्तारित ऋण बही भारत के हरित ऊर्जा विकास को सक्षम करने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।"

श्री दास ने माननीय केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया; माननीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री; सचिव, एम.एन.आर.ई.; निदेशक मंडल एवं सभी हितधारकों को उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने निरंतर विकास के प्रति समर्पण और योगदान के लिए टीम इरेडा की भी सराहना की।

आंकड़े अनंतिम हैं और लेखा के अधीन हैं।